भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 2633
उत्तर देने की तारीख सोमवार : 17 मार्च, 2025
26 फाल्गुन, 1946 (शक)

तमिलनाडु में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का संरक्षण

2633. श्री सी.एन. अन्नादुरई :
श्री जी. सेल्वम :
क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तमिलनाडु में वर्तमान में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अंतर्गत संरक्षित ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों की संख्या कितनी है और उनका जिला-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान सरकार द्वारा उक्त स्थलों के जीर्णोद्धार और संरक्षण के लिए उठाये गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत तमिलनाडु में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण के लिए आवंटित, जारी और उपयोग की गई कुल निधि का ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या सरकार ने वर्चुअल टूर, डिजिटल अभिलेखागार या पर्यटन अभियानों के माध्यम से ऐतिहासिक स्थलों को डिजिटल रूप से प्रलेखित करने या बढ़ावा देने के लिए कोई कदम उठाये हैं और यदि हाँ तो, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है: और

(ङ) क्या सरकार की तमिलनाडु से नए स्थलों को यूनेस्को विश्व धरोहर का दर्ज़ा देने या संरक्षण प्रयासों के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ सहयोग करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) : तमिलनाडु राज्य में 412 संरक्षित स्मारकों और पुरातात्त्विक स्थलों और अवशेषों को राष्ट्रीय महत्व के रूप में घोषित किया गया है। इनकी जिला-वार संख्या **अनुबंध** में दी गई है।

(ख) और (ग) : भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा इनकी आवश्यकता के अनुसार और निधियों एवं संसाधनों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए आवधिक समीक्षा, निरीक्षण, संरक्षण और रखरखाव किया जाता है। विगत पांच वर्षों के दौरान तमिलनाडु के संरक्षित स्मारकों और क्षेत्रों के संरक्षण और रखरखाव पर आवंटन और व्यय का विवरण निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ रूपये में)

वर्ष	आवंटन	व्यय
2019-20	9.60	9.60
2020-21	7.25	7.25
2021-22	12.00	12.00
2022-23	19.95	19.95
2023-24	22.5	22.5

(घ) : भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने अपने संरक्षित स्मारकों और पुरातात्विक स्थलों का एक डिजिटल डेटाबेस तैयार किया है और इसके अलावा, विभिन्न संग्रहालयों में समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के वर्चुअल टूर भी आयोजित किए जा रहे हैं।

(ड) : वर्तमान में तमिलनाडु से यूनेस्को विश्व धरोहर स्थिति के लिए नए स्थलों/परिसंपत्तियों को नामांकित करने की कोई योजना नहीं है।

अनुबंध

लोकसभा में दिनांक 17.03.2025 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2633 के भाग (क) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध

तमिलनाडु राज्य में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत संरक्षित स्मारकों और संरक्षित स्थलों की जिला-वार संख्या

क्रम संख्या	जिला	स्मारक और स्थलों की संख्या
1.	अरियालूर	03
2.	चेन्नई	15
3.	कोयंबटूर	01
4.	कुड्डालोर	01
5.	धर्मपुरी	01
6.	डिंडीगुल	07
7.	इरोड	01
8.	कांचीपुरम	156
9.	कन्याकुमारी	05
10.	करूर	01
11.	कृष्णागिरी	02
12.	मदुरै	08
13.	नागपट्टिनम	05
14.	नमक्कल	02
15.	नीलगिरि	01
16.	पेरम्बलुर	04
17.	पुदुक्कोट्टई	109
18.	सलेम	02
19.	शिवगंगा	01
20.	तंजावुर	04
21.	थेनी	01
22.	तिरुनेलवेली	04
23.	तुतुकुड़ी	03
24.	तिरुचिरापल्ली	05
25.	तिरुपूर	03
26.	तिरुवल्लुर	15
27.	तिरुवन्नामलाई	13
28.	वेल्लोर	17
29.	विल्लुपुरम	21
30.	विरुधुनगर	01
	कुल	**412**

*****